तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 17.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 14 अप्रैल 2025

12 अंबाला शहर में लगी विकास कार्यों की झड़ी : असीम गोयल



12 बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में चला सफाई अभियान



## खबर संक्षेप

### ममता को एक्शन फिल्में देखने का शौक : विज

**अंबाला।** परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने वक्फ बिल पर पश्चिम बंगाल में लगातार हो रही हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ममता बैनर्जी को रियल टाइम एक्शन फ़िल्में देखने का शौक है। जिसमें सड़कों पर आग लगी रहे, लोगों की दुकानें जलती रहें। लोग एक दूसरे का पेट फाड़ते रहें। यह सब देखना ममता बैनर्जी का शौक है। वह कुछ महीनों के बाद ये एक्शन मूवी कर लेती हैं। विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा एक्स पर दस भाजपा नेताओं को आईएसआई का एजेंट बताने पर विज ने पलटवार किया है।

### मारपीट के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी जितेंद्र, जगदीप उर्फ गोल्डी,मोहित कुमार व गौरव उर्फ अमित कुमार को मामले में शामिल जांच किया है। गदौली के रविंद्र सिंह ने 9 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मोहित कुमार गौरव उर्फ अमित कुमार व अन्य ने लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करते हुए चोटें पहुंचाकर जान से मारने की धमकी दी है। तब पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### वुशु लीग में आयशा और रिया ने जीता स्वर्ण पदक

**अंबाला।** खेलो इंडिया नेशनल सब जूनियर एंड जूनियर वुशु लीग प्रतियोगिता राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी गांधी नगर गुजरात में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल 4 खिलाड़ियों आयशा,रिया , मुस्कान और आस्था ने भाग लिया। जिसमें आयशा व रिया ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने परिजनों के साथ स्कूल का नाम भी रोशन किया। मुस्कान व आस्था ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी हरदीप सिंह उर्फ पप्पू व किशन कुमार सिंह उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। परिवादी वीरेंद्र कुमार ने 12 अप्रैल को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी बलदेव नगर क्षेत्र से सरिया व लोहे की प्लेटें चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### शराब ठेकों से लूट का आरोपी दबोचा

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने शराब ठेकों से लूट के आरोपी सुखविंदर उर्फ सुख्खा निवासी जगजीवन राम कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से बचे आठ हजार रूपए व वारदात में प्रयोग करेटा कार बरामद की है। लूट की उक्त वारदातों बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 व थाना समालखा में अभियोग दर्ज है।

### कोर्ट के आदेश पर दर्जन भर लोगों पर केस दर्ज

**इसराना।** पानीपत के गांव कारद में नाहर सिंह पुत्र मौजी राम के इस्तगासा पर सुनवाई करते हुए अदालत के आदेश पर इसराना थाना पुलिस ने अमित, साहिल, सोनू, राजू, जयपाल, नरेश, सुरेश, कृष्णा, जगबीर, रणबीर, दर्शाना आदि पर केस दर्ज किया है।

### पिता और पुत्र को मार पीटकर घायल किया

**इसराना।** गांव ब्राह्मण माजरा में सत्तर वर्षीय प्रेम सिंह व इसके पुत्र वेदपाल को मेहर सिंह, इसके पुत्र आर्यन व इनके नौकर ने मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल प्रेम सिंह को एनसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इधर, प्रेम की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।

## कश्यप राजपूत पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी व कश्यप राजपूत सभा का वार्षिकोत्सव

# सीएम सैनी ने कहा, महर्षि कश्यप की होती है सप्त ऋषियों में गिनती

### माता के मंदिर में माथा टेका और मां का आशीर्वाद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- शेड बनवाने के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कश्यप राजपूत पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी व आल इंडिया कश्यप राजपूत सभा द्वारा देवीनगर में आयोजित 50वें वार्षिक मेले में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस मौके पर उन्होंने माता के मंदिर में जाकर माथा टेका और मां का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उनके साथ पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, मेयर शैलजा सचदेवा, इंद्री के विधायक राम कुमार कश्यप, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि यह दिन बड़ा ही गौरव का दिन है। कश्यप राजपूत पंजाबी वैल्फेयर सोसायटी द्वारा हर वर्ष यहां पर वार्षिक मेले का आयोजन व मां भगवती का जागरण किया जाता है जिसमें उन्हें आने का मौका मिलता है और इस मौके पर उन्हें महर्षि कश्यप व मां के चरणों में शीश नवाने का भी अवसर मिलता है। 50वें वार्षिक मेले का आयोजन करने के लिए उन्होंने आयोजकों को बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि कश्यप सप्त ऋषियों में एक ऋषि हैं। यहां पर हर वर्ष कश्यप राजपूत पंजाबी वैल्फेयर सोसायटी व आल इंडिया कश्यप राजपूत सभा द्वारा वार्षिक मेले के साथ-साथ माता का जागरण करवाया जाता है जिसमें पूरे भारतवर्ष से श्रद्धालु यहां पर पहुंचते हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने शैड बनवाने के लिए 21 लाख रूपए देने की घोषणा की।



**अंबाला।** सीएम नायब सैनी का सम्मान करते कश्यप राजपूत समाज के पदाधिकारी।

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व उपस्थित श्रद्धालुओं का मां अंबा की पवित्र धरा पर पहुंचने पर स्वागत करते हुए कहा कि हर वर्ष महर्षि कश्यप का आशीर्वाद लेने के लिए दूर-दराज से यहां पर श्रद्धालु पहुंचते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की इतनी व्यस्तता होने के चलते उन्होंने समाज के लिए जो समय निकाला है। उन्होंने कहा कि कश्यप समाज द्वारा सरकार के आगे जो भी मांग रखी गई, सरकार ने एक-एक मांग को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कश्यप समाज एक मेहनतकश समाज है। हर वर्ष यहां पर वार्षिक मेले का आयोजन किया जाता है जहां पर देश व प्रदेश से हजारों की संख्या में लोग आकर यहां पूजा-अर्चना करते हैं। इंद्री से विधायक राम कुमार कश्यप ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि यहां पर हर वर्ष वार्षिक मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें दूर-दराज से लोग आकर महर्षि कश्यप व माता के जागरण में मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस समाज के 44 गोत्र हैं। सभी ने अपने-अपने मंदिर बना रखे हैं।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एसडीएम दर्शन कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप भारद्वाज कश्यप, चेयरमैन ओम मेहरा, वाइस चेयरमैन प्रताप सिंह, उप प्रधान नरेश कुमार कश्यप, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर कश्यप, गुरदीप टांक, अश्वनी कुमार, सोम प्रकाश, करता राम, आरडी कल्याण, प्रताप सिंह, सुरेंद्र माजरी, रितेश गोयल, संदीप सचदेवा, संजीव गोयल टोनी, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, सुंदर ढींगरा, जसमेर राणा, प्रीतम सिंह गिल, मनीष आनंद मन्नी, सुरेश सहोता, दीपचंद, सरदूल सिंह के साथ-साथ पार्टी के अन्य पदाधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# छेड़खानी के आरोपियों को कवि गांव छोड़ने का आदेश



**पानीपत।** गांव कवि में 36 बिरादरी की सामाजिक पंचायत में उपस्थित ग्रामीण।

- 36 बिरादरी की सामाजिक पंचायत ने सुनाया फैसला
- बाहरी लोगों को गांव में बुलाकर पुरूषों को पीटा व महिलाओं के कपड़े फाड़े थे आरोपियों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना (पानीपत)

पानीपत के गांव कवि में बाबा बालकनाथ आश्रम में 36 बिरादरी की पंचायत हुई। पंचायत में सर्वसम्मति से फैसला लिया कि चार अप्रैल को जयपाल, महीपाल व इनके परिजनों के साथ मारपीट किए जाने, इनके परिवार की महिलाओं के कपडे फाड कर उनके साथ मारपीट करने व छेडखानी करने के आरोपी पक्ष अजीत, जसवंत उर्फ जसू, संजू को गांव कवि छोडना होगा। पंचायत ने घोषणा की कि आसामाजिक तत्वों के लिए गांव में कोई जगह नहीं है। गांव कवि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का पैतृक गांव है। हालांकि ढांडा परिवार समेत पानीपत के एल्डिको में निवास करते है।

#### यह है मामला

गांव कवि में चार अप्रैल को दो पड़ोसियों में गली में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। वहीं, आरोपी पक्ष अजीत, जसवंत उर्फ जसू, संजू ने रात को ही दूसरे गांवों से करीब 35 युवकों को बुलाकर जयपाल व महीपाल और इनके परिजनों के साथ मारपीट की। हमलावरों ने महिलाओं के कपडे फाड़ दिए और मारपीट व छेड़खानी की। इधर, मतलौडा थाना पुलिस ने जयपाल की शिकायत पर केस दर्ज किया। जबकि जांच सीआईए कर रही है।

#### 12 आरोपी पकड़े : एसएचओ

मतलौडा थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि गांव कवि में जयपाल व महीपाल और इनके परिजनों के साथ मारपीट करने के मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

फरार आरोपियों की तलाश जारी है। वहीं, थानेदार पवन ने बताया कि गांव कवि में हुई पंचायत ने क्या फ़ैसला लिया में इस बारे में कुछ नहीं कह सकते।

# बैसाखी पर्व पर युवा कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मचाया धमाल

- पंजाबी सभ्याचार पर आधारित संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बैसाखी के अवसर पर पहली बार अंबाला छावनी में पंजाबी सभ्याचार पर आधारित संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैपिटल चौक पर हुए इस आयोजन में युवा कलाकारों ने समा बांध दिया। अपने हुनर के माध्यम से उन्होंने बैसाखी पर्व का महत्व समझाया व खेतों में खड़ी सोने जैसी फसल किसान के लिए क्या मायने रखती है।

देश प्रेम पर आधारित गीतों के माध्यम से युवाओं ने भंगड़े पर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सुनहरी वेशभूषा में सजे नौजवान आपसी भाईचारे का संदेश भी दे रहे थे। उनकी प्रस्तुति देखकर कार्यक्रम में मौजूद लोग भी काफी उत्साहित नजर आए और उन्होंने तालियों बजाकर प्रतिभावान युवाओं का हौसला बढ़ाया। इस दौरान लोगों ने सुझाव भी दिए कि इस प्रकार के सभ्याचार पर आधारित कार्यक्रम आगे भी होते रहने चाहिए ताकि नौजवान पीढ़ी को देश की संस्कृति व परंपराओं की जानकारी मिल सके। इस मौके पर सिख बच्चों व युवाओं को पगड़ी बांधना भी सिखाया गया। लगभग 150 से 200 तक लोगों ने केसरी पगड़ी बंधवाई व पगड़ी बंधना सिखा पगड़ी बांधने की सेवा बलजिंदर सिंह ने की।



**अंबाला।** कार्यक्रम में भंगड़ा करते कलाकार।

# आईलेट्स सेंटर पर गोली चलाने के मामले में दो काबू

- पुलिस टीम पर किया फायर जवाबी करवाई में दोनों आरोपियों की टांगों पर लगी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुलिस ने शाहाबाद आईलेट्स सेंटर पर गोली चलाने के आरोपियों को बाइक व हथियार उपलब्ध करवाने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने शुक्रवार को शाहबाद आईलैटस सेक्टर पर गोली चलाने में संलिप्त आरोपियों को हथियार और बाईक उपलब्ध करवाने के दो आरोपियों गिरफ्तार किया है।

आरोपियों से 1 देसी पिस्टल, 1 देसी कट्टा 315 बोर तथा कुल 3 जिन्दा रौंद बरामद किए गए है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि 10 अप्रैल को शाहबाद के एक आईलेट्स सेंटर पर दो युवकों ने गोली चलाई थी जिसमें एक व्यक्ति घायल हुआ था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने अलग-अलग टीमों का गठन करके आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे।

निरीक्षक ने बताया कि इसी संबंध में शनिवार की रात्रि को अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम शाहाबाद इलाके में गश्त पर थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि शाहबाद-बराडा रोड पर दो संदिग्ध एक बाइक पर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने शाहबाद-बराडा रोड पर गांव रावा के पास नाकाबंदी करके बाइक सवार दो संदिग्धों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग में आरोपियों के टांगों पर गोलियां लगी। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को पहले शाहबाद हस्पताल और बाद में एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया गया जहां पर उनका ईलाज चला रहा है। आरोपियों की पहचान रादौर जिला यमुनानगर एरिया वासी राहुल व इमरान के रूप में हुई है।



**कुरुक्षेत्र।** एलएनजेपी अस्पताल में उपचाराधीन आरोपी।

#### हथियार उपलब्ध कराए

निरीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपियों ने शुक्रवार को शाहाबाद के आईलेट्स सेंटर पर गोली चलाने वाले आरोपियों को बाइक और हथियार उपलब्ध करवाए थे तथा दोनों आरोपी वारदात के समय घटनास्थल से आसपास थे। वारदात के बाद आरोपी इनको बाइक और हथियार देकर फरार हो गए थे। आरोपियों का पूर्व में भी अपराधिक रिकॉर्ड है, दोनों आरोपी पहले जेल में रह चुके हैं। आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड बारे गहनता से जांच की जा रही है। अगामी जांच के लिए आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

# किशोरी को वीडियो वायरल करने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

- आरोपी पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप, पंचायत के बावजूद आरोपी नहीं माना

एक किशोरी ने इंस्टाग्राम के जरिए युवक पर अवैध संबंध बनाने के लिए धमकाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस की किशोरी की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किशोरी का आरोप है कि आरोपी न केवल उसे देर रात को फोन कर नाजायज संबंध बनाने के लिए परेशान करता रहा बल्कि उसके मैसेज व विडियो वायरल करने की धमकी भी दे रहा है। एक गांव की रहने वाली किशोरी ने एसपी को दी शिकायत में बताया कि तीन साल पहले उसकी नितिन नाम के लड़के से इंस्टाग्राम पर बातचीत हुई थी। इसके बाद उनकी मुलाकात हुई । इस दौरान लड़के ने किशोरी को मोबाइल फोन भी लेकर दिया । कुछ समय दोनों के बीच बातचीत होती रही । लेकिन अब लड़की ने उससे बातचीत करने के लिए मना कर दिया। आरोप है कि युवक उसे प्यार के झूठे जाल में फंसाता रहा । लड़की के माता-पिता दोनों दिव्यांग है। इसका आरोपी ने नाजायज फायदा उठाया। आरोपी ने उसे गंदे मैसेज किए। इसके बाद सारी बात लड़की ने अपने परिवार को बताई । इसके बाद 31 मार्च 2025 को गांव जागधौली में पंचायत हुई । यहां आरोपी के पिता और भाई भी मौजूद थे । उन्होंने पंचायत में अपनी गलती कबूल ली और फिर मैसेज व फोन करने के मना किया । लेकिन इसके बावजूद आरोपी किशोरी को देर रात तक लगातार फोन करता रहा। आरोपी लड़की को फोन पर मैसेज कर जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।

# कार चोर पकड़ा, 20 वारदातें कबूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- गिरोह में दिल्ली पुलिस का कांस्टेबल भी शामिल

पानीपत पुलिस की एवीटी सेल ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के एक आरोपी आसीम निवासी किठौर मेरठ यूपी को गिरफ्तार किया है। आसीम से वाहन चोरी की पानीपत में दो व दिल्ली की 18 वारदातों का खुलासा हुआ है। वहीं डीएसपी राजबीर सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि एवीटी सेल प्रभारी रोहताश व उनकी टीम ने आसीम को पकडा था। आसीम ने सोनीपत के ठरू गांव निवासी अजय, खुबड़ु गांव निवासी सुदीप धनखड़, सोनीपत निवासी गौरव, यूपी के मेरठ के जिशोर गांव निवासी माजिद व ककौल गांव निवासी रिजवान के साथ मिलकर पांच फरवरी की रात मॉडल टाउन में करण तलुजा के घर के बाहर से फॉर्च्यूनर गाड़ी चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। वहीं, गिरोह में शामिल फरार आरोपी अजय दिल्ली पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात है। वहीं, आसीम के खिलाफ दिल्ली व गुरुग्राम में पहले भी वाहन चोरी के 51 मामले दर्ज हैं। इधर, पुलिस ने इस गिरोह के फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## पीएम के कार्यक्रम स्थल पर सफाई कर्मियों की बैठक में दिए निर्देश

# सभी आगंतुकों को मिले स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण

- स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने किया कार्यक्रम स्थल का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने यमुनानगर के गांव कैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शिलान्यास कार्यक्रम स्थल का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों व सफाई कर्मचारियों की बैठक में सफाई व्यवस्था को लेकर दिशा निर्देश दिए।

मिशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने कार्यक्रम स्थल के सभा स्थल, प्रवेश और निकास द्वार, पार्किंग क्षेत्र और अन्य सार्वजनिक उपयोग के स्थानों का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने सफाई कर्मचारियों और कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बातचीत की। ताकि सफाई व्यवस्था की तैयारियों और आवश्यकताओं को समझा जा सके। उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने सफाई कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और उन्हें आगामी कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि ये सभी सुविधाएं पर्याप्त संख्या में हों और सुचारू रूप से काम करें। ताकि कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। पिछले 15 दिनों से शहर में वह कार्यक्रम स्थल के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत शहर में सभी स्थानों पर सफाई की जा रही है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने भी अपने विचार रखे। मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त स्पेशल ड्यूटी धीरज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर स्वच्छता संबंधी सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं।



**यमुनानगर।** कैल में पीएम रैली स्थल पर निरीक्षण के दौरान आयोजित सफाई कर्मचारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र।

#### स्वच्छता पर जोर

उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। सुभाष चंद्र ने कहा कि एक स्वच्छ वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह कार्यक्रम की सफलता में भी योगदान देता है। स्वच्छता मिशन यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है कि कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता के उच्चतम मानकों को बनाए रखा जाए और सभी आगंतुकों को एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिले।

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के लिए एसडीएम को ज्ञापन



**यमुनानगर।** रादौर में एक राष्ट्र एक चुनाव की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए पार्षद और कृषि मंत्री का बेटा नेपाल राणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नगर पालिका रादौर के नवनिर्वाचित पार्षदों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा के साथ मिलकर एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से देश में एक राष्ट्र एक चुनाव करवाए जाने की मांग की। पार्षदों का नेतृत्व नपा के चेयरमैन राजनीश मेहता शालू ने किया।

नपा के चेयरमैन रजनीश मेहता शालू व पार्षद जसवंत बंचल ने बताया कि राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि देश में लोकसभा व विधानसभा चुनाव अलग अलग होने से धन व समय की भारी बर्बादी होती है।

# जिलेभर में धूमधाम से मनाया बैसाखी पर्व, श्रद्धालुओं ने कपालमोचन तीर्थ सरोवरों, यमुना, सरस्वती कुंड समेत अन्य पवित्र सरोवरों में स्नान किया

- टाहलीवाला मंदिर के पवित्र तालाब में किया शाही स्नान
- शाही नागा जुलूस में शामिल हुए सैकड़ों नागा साधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिलेभर में रविवार को बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने कपालमोचन तीर्थ सरोवरों, यमुना नदी, सरस्वती कुंड समेत अन्य पवित्र सरोवरों में स्नान किया। वहीं, टाहली वाले मंदिर से शाही नागा जुलूस निकाला गया। नागाओं ने मंदिर परिसर में बने पवित्र सरोवर में शाही स्नान किया। जिसमें मंदिर के महंत के सानिध्य में शाही सवारी निकाली गई। उधर, शहर के यमुना घाट पर मेले का आयोजन किया गया। रविवार को बैसाखी पर्व पर कपालमोचन तीर्थ सरोवर समेत जिले के विभिन्न तीर्थ सरोवरों व यमुना नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं ने पहुंचकर स्नान किया। वहीं, टाहली वाले मंदिर में नागा साधुओं ने सुबह के करीब नौ बजे जुलूस का शुभारंभ किया गया। जुलूस का नेतृत्व सजे-धजे घोडेÞ की बग्घी पर सवार हो मंदिर महंत ने किया। नागा जुलूस कस्बे की मुख्य सड़कों से होते हुए शिव चौक, अग्रेसन चौक, बाइपास कपाल मोचन रोड़ ,छोटा बस स्टैंड, मुख्य बाजार व वेद व्यास भवन से होता हुआ मंदिर प्रांगण में पहुंचा। जुलूस में सजाई गई शिवजी, हनुमान व अन्य देवी देवताओं की झांकियां आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। श्रद्धालु महिलाएं ढोलक व ढोल की थाप पर धार्मिक धुनों पर नाचते हुए गीत गा रही थी। सड़क के दोनो ओर श्रद्धालु झांकियों की झलक पाने और पुष्प वर्षा के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी थी। जुलूस में भभूत लगा कर चल रहे नागा साधु विशेष आकर्षण का केन्द्र बने रहे। मंदिर में बने पवित्र सरोवर पहुंचने पर सर्वप्रथम शाही नागा स्नान हुआ उसके बाद महंत गिरी ने श्रद्धालुओं को आर्शीवाद व प्रसाद दिया। गुरू के दर्शनों के लिए लोगों का तांता लगा रहा। सारा वातावरण कटासराज व गुरू के जयकारों से गुंज उठा। इसके पश्चात मंदिर के प्रांगण में बने सरोवर में नागा साधु संतों ने शाही स्नान किया। शाम तक मंदिर परिसर में भंडारा बरताया गया।




यमुनानगर। टाहली वाला मंदिर परिसर स्थित पवित्र तालाब में शाही स्नान करते नागा साधु व यमुना के घाट पर स्नान करते हुए श्रद्धालु।

### श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य कमाया

बैसाखी पर्व के मौके पर यमुना नदी के विभिन्न घाटों, कपाल मोचन के पवित्र सरोवरों व शहर के नजदीक स्थित पश्चिमी यमुना नहर पर बने यमुना घाट, मुस्तफाबाद स्थित सरस्वती नदी घाट पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूण्य कमाया। इस दौरान मेलों का आयोजन भी किया गया।

### मेले का हुआ आयोजन

शहर के यमुना घाट पर बैसाखी पर्व के मौके पर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें दुकानों पर आकर्षक रूप से सामान सजाया गया और मेला परिसर में आकर्षक झूले लगाए गए। देर शाम तक मेले में दर्शकों का तांता लगा रहा। बच्चों ने मेले में लगी दुकानों से जहां खिलौने खरीदे, वहीं झूलों पर बैठकर झूले लिए।

## पर्ल किंडर गार्टन विंग स्कूल में बैसाखी पर्व का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। पर्ल किंडर गार्टन विंग स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

पर्ल किंडर गार्टन विंग स्कूल रादौर में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रिंसीपल स्वाती गोयल ने किया। गोयल ने बताया कि स्कूल में बैसाखी पर्व के दौरान मेले का आयोजन करके बच्चों को बैसाखी मनाए जाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान मेले में पूरे पंजाब की संस्कृति व सभ्यता का ज्ञान दिया गया। बच्चों को अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से पंजाब के गांव का जीवन दिखाया गया। जिसमें सबसे पहले पंजाबी मुटियारो को दिखाया जो फुलकारी की कढ़ाई कर रही थी। उसके बाद अगले दृश्य में पंजाब की पंचायत दिखाई जो एक पेड़ के नीचे बैठकर बड़े से बड़े फैसले कुछ समय में करते हुए दिखाई दिए। जहां गांव के सब बुजुर्ग इके बैठते हैं। अगले दृश्य में पंजाब के घरों की रसोई दिखाई गई जो जितनी साधारण है उतनी महत्वपूर्ण है। क्योंकि एक अच्छे स्वास्थ्य की शुरुआत स्वच्छ रसोई से होती है। उन्होंने बताया कि पंजाब तो अपने खान पान के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। चौथे नंबर पर पंजाब के पारंपरिक ढोल और नगाड़ों को दिखाया गया। वह अपने आम जीवन से समय निकालकर अपनी जड़ों से अभी भी जुड़े हैं और अभी भी वे पारंपरिक नृत्य वह संगीत को प्राथमिकता देते हैं।

### खबर संक्षेप



यमुनानगर। रादौर में श्रीबाला जी जागरण के बाद आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

#### श्रीबाला जी जागरण के बाद भंडारे का आयोजन

रादौर। रादौर के कॉलेज रोड पर स्थित श्री बालाजी मंदिर में बीती रात श्री बालाजी सेवा समिति की ओर से श्रीबाला जी का जागरण का आयोजन किया गया। जागरण समापन होने पर रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीबाला जी जागरण में हरियाणवी कलाकार संजय बांगड करनाल, रोहित यमुनानगर, सूफी कलाकार गणेशी ने श्री बालाजी की महिमा का गुणगान किया। इस दौरान श्री बालाजी का सुंदर दरबार सजाया गया। जागरण में श्रद्धालु श्री बालाजी की भेंटो पर खूब थिरके।

#### घर से नकदी समेत हजारों का सामान

यमुनानगर। शहर के कुलदीप नगर में चोरों ने बीती रात एक घर में घुसकर बीस हजार रुपये की नगदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। वारदात के वक्त परिवार घर में ही सो रहा था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के मुताबिक कुलदीप नगर निवासी बीना देवी ने थाना गांधी नगर में दी शिकायत में बताया कि बीती रात वह अपने परिवार के साथ घर में सो रही थी। रात के आंख खुल गई।

### प्रशासन ने पीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के साथ तैयारियां की पूरी

# पीएम आज देंगे 7, 272 करोड़ की लागत से बनने वाली 800 मेगावाट यूनिट की सौगात

- गांव कैल में पीएम की रैली को लेकर डीसी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया
- रैली में आने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुख्ता प्रबंध किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। कैल में रैली स्थल पर आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में इंतजामों की समीक्षा करते हुए डीसी पार्थ गुप्ता।

प्रधानमंत्री के सोमवार को गांव कैल में आगमन को लेकर रविवार को रैली स्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन रविवार को रैली स्थल पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रदेश के नागरिकों को 7 हजार 272 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली दीनबंधु छोटूराम पावर प्लांट में तीसरी 800 मेगावाट यूनिट का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान कैल में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भव्य रुप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ अन्य व्यवस्थाओं के प्रबंध पूरे कर लिए हैं। उन्होंने बैठक में एक एक अधिकारी से विभागीय स्तर पर की गई तैयारियों की समीक्षा की और जहां कहीं भी कुछ खामी पाई गई उसे तुरन्त दुरुस्त करने के दिशा निर्देश भी दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि रैली में आने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इस कार्यक्रम में पीने के पानी, शौचालयों और प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वाहनों के लिए पार्किंग स्थलों का निर्धारण कर दिया गया है और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे रैली में शांति और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और प्रशासन द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का पालन करें।

### तीन पार्किंग स्थल बनाए गए

उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर प्रशासन की ओर से तीन पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इन पार्किंग स्थलों में बकायदा विभिन्न शहरों से आने वाले लोगों के लिए जगह चिन्हित की गई हैं। कैथल, पिहोवा, इस्माईलाबाद, थानेसर, बबैन व शाहाबाद से आने वाले वाहन अधोया, थाना छप्पर होते हुए आएंगे और अपने वाहनों को बाईं तरफ की पार्किंग नंबर दो में पार्क करेंगे। वहीं, अंबाला व पंचकूला की तरफ से आने वाले वाहन अपने वाहनों को बाईं तरफ की पार्किंग नंबर दो में पार्क करेंगे।

## गणमान्य व्यक्तियों की सुविधा और प्रोटोकॉल सुनिश्चित करें: उपायुक्त



यमुनानगर। पीएम के कार्यक्रम के दौरान गणमान्य व्यक्तियों की सुविधा और प्रोटोकॉल संबंधी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए नियुक्त किए गए लाइजनिंग अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने बैठक में सभी लाइजनिंग अधिकारियों को कार्यक्रम में पहुंचने वाले गणमान्य व्यक्तियों के आगमन, प्रवास और प्रस्थान के दौरान प्रभावी समन्वय स्थापित करने के लिए एक सुदृढ़ तंत्र तैयार करने के निर्देश दिए। ताकि किसी भी अतिथि को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीसी ने बैठक में प्रत्येक लाइजनिंग अधिकारी को सौंपे गए विशिष्ट कार्यों और उनके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने गणमान्य व्यक्तियों के स्वागत, उनके ठहरने की व्यवस्था, परिवहन, सुरक्षा प्रोटोकॉल, कार्यक्रम स्थल पर उनकी उपस्थिति और अन्य विशिष्ट आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को गणमान्य व्यक्तियों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद स्थापित करने, उनकी आवश्यकताओं को संवेदनशीलता से समझने और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। सुरक्षा व्यवस्था के साथ समन्वय बनाए रखने और प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने पर विशेष जोर दिया गया।



डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में प्राथमिक उपचार की जानकारी देते हुए प्रशिक्षक।

## प्रत्येक छात्रा को प्राथमिक उपचार की बेसिक नॉलेज होना जरूरी: भूषण

यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में यूथ रेडक्रास सेंटर व जिला रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्राथमिक उपचार व डिजास्टर मैनमेंट पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें रेडक्रास सोसायटी के के जिला प्रशिक्षण अधिकारी शशि भूषण ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। जबकि अध्यक्षता कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर व यूथ रेडक्रास सेंटर को ऑडिनेटर रितिका भोला ने की।

मुख्य वक्ता शशि भूषण ने कहा कि सभी छात्राओं को प्राथमिक उपचार के बारे में बेसिक नॉलेज होना बेहद जरूरी है। किसी भी प्रकार की दुर्घटना के समय सबसे पहले प्राथमिक उपचार देना जरूरी है। एक्सीडेंट के दौरान मरीज को किस प्रकार से उठाना हैए ब्लीडिंग कंट्रोल के बारे में प्रैक्टिकल जानकारी दी।



यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला में शिक्षकों को जीवन कौशल की जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता।

## जीवन कौशल शैक्षणिक सफलता व व्यक्तित्व विकास में निभाते हैं अहम भूमिका

यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को एक दिवसीय सीबीपी कार्यशाला (कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम)का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लाइफ स्किल्स विषय पर शिक्षकों को जीवन कौशल के आधुनिक और व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रिसोर्स पर्सन के रुप में डॉ. कदंबिनी शर्मा व साक्षी सिक्का ने भाग लिया। मुख्य रिसोर्स पर्सन डॉ. कदंबिनी शर्मा ने शिक्षकों को बताया कि जीवन कौशल केवल शैक्षणिक सफलता तक सीमित नहीं होते हैं। बल्कि यह व्यक्तित्व विकास, भावनात्मक संतुलन, निर्णय क्षमता, सहानुभूति और टीमवर्क जैसे पहलुओं में भी अहम भूमिका निभाते हैं।



यमुनानगर। के रादौर में गलियों में घूमते हुए बेसहारा गोवंशज।

## बेसहारा गोवंशजों व बंदरों को पकड़ने के लिए नपा रादौर चलाएगी अभियान

रादौर। रादौर कस्बा में लंबे अर्से से घूम रहे बेसहारा गोवंशजों व बंदरो से नागरिकों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है। कस्बा के नागरिकों ने नवनिर्वाचित नपा के पार्षदों द्वारा गत दिनों नपा हाउस में गोवंशजों व बंदरो को पकड़ने के लिए प्रस्ताव किए जाने पर उम्मीद जताई है। कस्बा निवासी राजकुमार, सुमित कुमार, सोनू, संदीप कुमार, सलिंद्र व प्रवेश आदि ने बताया कि पिछले लंबे अर्से से रादौर में सैंकड़ो बेसहारा गोवंशज घूम रहे हैं। जो बाजारों, सड़कों व कस्बा के आसपास खेत खलियान में घूमकर नुक्सान पहुंचा रहे हैं। कस्बावासियों ने कई बार नपा से इन गोवंशजों को पकड़ने के लिए गुहार लगाई जा चुकी है।



यमुनानगर। कैंप में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. भीम राव अंबेडकर व भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन करते हुए गणमानय।

## समाज के उत्थान के लिए शिक्षा और समानता को प्राथमिकता जरूरी: डॉ. निर्मल

यमुनानगर। सिंबल ऑफ नॉलेज डॉ. भीम राव अंबेडकर एजुकेशन एंड सोसाइटी के तत्वावधान में रविवार को शहर के कैंप में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में सामाजिक जागरुकता और शिक्षा के प्रसार के उदेश्य से बुद्ध वंदना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लंगर वितरण भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. निर्मल सिंह ने की। मौके पर डॉ. भीम राव अंबेडकर व भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बुद्ध वंदना से किया गया। बुद्ध वंदना के दौरान पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और शांतिमय हो गया। बुद्ध के सिद्धांतों को स्मरण करते हुए मानवता, करुणा और समानता का संदेश दिया।

### प्रवचन | दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी में संत संकीर्तन का किया आयोजन

# नश्वर संसार में केवल ब्रह्मनिष्ठ गुरु के चरण ही ऐसा स्थान हैं जहां पहुंचकर पतित मन हो जाता है पावन

- साध्वी नीलम भारती ने साध संगत को बताया गुरु चरणों का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में गुरु चरणों के महत्व को बताते हुए साध्वी भारती व श्रवण करती साध संगत। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में रविवार को संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संत संकीर्तन कार्यक्रम में साध्वी नीलम भारती ने प्रेरणादायक प्रवचनों से साध संगत को गुरु चरणों के महत्व का ज्ञान दिया। मौके पर साध्वी बहनों ने अपने मधुर भजनों से सभी को भाव विभार कर दिया। साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि इस नश्वर संसार में केवल ब्रह्मनिष्ठ गुरु के चरण ही ऐसा स्थान हैं जहां पहुंचकर पतित मन पावन हो जाता है। आत्मा जन्म मरण के चक्रव्यूह से मुक्त हो जाती है। गुरु चरण ही भक्ति मार्ग पर चल रहे एक भक्त या अपने साध्य की ओर अग्रसर होते हुए एक साधक को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। लेकिन विडंबना है कि आज का मनुष्य अपने अहंकार एवं संकीर्ण सोच के दायरे में अपने जीवन को इस प्रकार बांध चुका है कि वह गुरु सत्ता को ही नकार देता है। जिसके परिणाम स्वरूप उसे जीवन के उन विशेष और दिव्य पहलुओं से वंचित रहना पड़ता है। जिनके द्वारा मानव जीवन के परम लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती थी। यदि हम विशाल दृष्टिकोण रखते हुए विचार करें कि संसार में छोटे से छोटा कार्य करने के लिए भी गुरु की आवश्यकता होती है तो हम भक्ति जैसे विराट क्षेत्र में बिना गुरु कैसे उतर सकते हैं। मानव जीवन के कल्याण का मूल स्त्रोत गुरु चरण ही हैं। मनुष्य अपना अहंकार छोड़कर जब गुरु चरणों में जाता है तो वह इस सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ निधि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति करता है। तदुपरांत गुरु आज्ञा में निरंतर चलते हुए ब्रह्मज्ञान की ध्यान साधना के द्वारा अपने इस मानव तन में छिपे हुए ब्रह्मांड के रहस्यों को जान लेता है। आत्म साक्षात्कार ही परमात्मा के साक्षात्कार का मूल आधार है। लेकिन इस मूल आधार का सृजन गुरु चरणों से ही प्रारंभ होता है। जब मनुष्य गुरु चरणों के मर्म को समझ लेता है तभी वह वास्तविकता में भक्ति मार्ग पर चलते हुए अपने जीवन के परम लक्ष्य की प्राप्ति करता है। हमारी ऊर्जा का प्रवाह सिर से पैरों की ओर होता है। निराकार ब्रह्म जब साकार रूप धारण करके हमारे जैसा मनुष्य बनकर सन्मुख आता है तब उस महान शक्ति का दिव्य स्पंदन भी उसके चरणों से ही प्रवाहित होता है । गुरु चरणों की महिमा गाते हुए कहते हैं कि चार धाम एवं सभी तीरथ गुरु चरणों में समाहित हैं। गुरु आज्ञा में रहना ही गुरु चरणों में रहने के समान है।

## गौतम एंड टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

- मुकंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में आयोजित हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

रादौर। मुकंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच गौतम एंड टीम और शुभ एंड टीम के बीच खेला गया। फाइनल मैच का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने किया।

प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने बताया कि फाइनल मैच में छात्र शुभ एंड टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। इस टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 48 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में गौतम एंड टीम ने 7 ओवरों में 49 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों में खेल की भावना को जागृत करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मौके पर मुख्य कोच सचिन कुमार ने कहा कि खेलों को खेल की भावना से खेलना चाहिए।

**खबर संक्षेप**



## झांसा गांव में धूमधाम से मनाई हनुमान जयंती

**कुरुक्षेत्र।** झांसा गांव में महंत ठाकुरदास महाराज द्वारा हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। महंत ठाकुरदास महाराज ने गंववसियों को हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदू धर्म में चैत्र को 12 महीनों में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इस माह में हिंदू नववर्ष, एकादशी, प्रदोष समेत चैत्र नवरात्रि जैसे बड़े पर्व मनाएं जाते हैं परंतु चैत्र महीने की पूर्णिमा तिथि हनुमान जी की पूजा-अर्चना को समर्पित है।

## भाविप ने हनुमान जयंती एवं बैसाखी पर प्रसाद बांटा



**थानेसर।** हनुमान जयंती एवं बैसाखी के शुभ अवसर पर धर्म नगरी कुरुक्षेत्र के पवित्र ब्रह्म सरोवर के तट पर स्थित श्रीदक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्राचीन सिद्ध पीठ में भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा सुबह की पावन वेला के समय मंदिर में आरती पूजा एवं प्रसाद वितरण का पावन पुनीत कार्य किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष विजयंत बिंदल ने बताया कि श्रीदक्षिण मुखी हनुमान मंदिर कुरुक्षेत्र में स्थित बजरंगबली का बहुत ही प्रसिद्ध मंदिर है।

### गांव बगथला में डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

# डॉ. बीआर अंबेडकर के आदर्शों को जीवन में धारण करने की जरूरत: सुधा

- पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कार्यक्रम में किया संबोधित
- गांव बगथला में अंबेडकर भवन के लिए 5 लाख और अंबेडकर स्वागत द्वार के निर्माण के लिए सरकार की तरफ से 7 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र





हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भारत रत्न डा. भीम राव अंबेडकर ने निस्वार्थ भाव से समाज के हर वर्ग के लिए कार्य किया है और उन्होंने अपना पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित कर दिया। आज समाज के लोगों को भारत रत्न डा. बीआर अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा गांव बगथला में भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती की उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सरकार की तरफ से गांव बगथला में अंबेडकर भवन के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 5 लाख रुपए और अंबेडकर स्वागत द्वार का निर्माण करने के लिए सरकार की तरफ से 7 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की है। इस कार्यक्रम में ब्लॉक समिति सदस्य अंजू ने अंबेडकर भवन के लिए 100 थाली, 100 गिलास, 100 चम्मच व 5 बाल्टी भेंट की है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने नागरिकों को डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन महान पुरुषों ने अपना सारा जीवन लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया। इन महान लोगों के पद चिन्हों पर चलकर युवा पीढी अच्छे राष्टद्र का निर्माण करने में अपनी भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को प्रदेशवासियों को कई हजार करोड़ रुपए की सौगात देने के लिए हिसार व यमुनानगर पहुंच रहे है। इन कार्यक्रमों का आयोजन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की देख रेख में किया जा रहा है।

### बाबा साहब को समझने के लिए गहराई से पढ़ना जरूरी: प्रो. वैद्य करतार सिंह

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर को समझने के लिए उनके विचारों को गहराई से पढ़ना जरूरी है। केवल चुनिंदा विषयों या घटनाओं से उनके व्यक्तित्व और योगदान को पूरी तरह नहीं समझा जा सकता। वे केवल दलितों के नेता नहीं, बल्कि एक महान राष्ट्र निमार्ता, विचारक और संविधान निर्माता थे। प्रो. धीमान रविवार को कुरुक्षेत्र के सेक्टर-8 स्थित आंबेडकर भवन में बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर जी की 134 वीं जयंती के पर आयोजित 'डॉ. आंबेडकर जी की राष्ट्र को देन' राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि सन 1956 में जब बाबा साहब ने बौद्ध धर्म स्वीकार किया, तब भी उन्होंने भारतीय राष्ट्रीयता को सर्वोपरि रखा। उन्होंने बौद्ध धर्म को इसलिए स्वीकार किया, क्योंकि यह हिन्दू धर्म की सकारात्मक शिक्षाओं को समेटे हुए था और राष्ट्रहित से जुड़ा था। अगर उस समय बाबा साहब ने राष्ट्र की एकता के विपरीत कोई निर्णय लिया होता, तो देश को और अधिक विघटन का सामना करना पड़ता। शिक्षा पर बल देते हुए कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि यह होगी कि हम शिक्षा से वंचित लोगों को शिक्षित करें। शिक्षा केवल साक्षरता नहीं, बल्कि जागरूकता और आत्मनिर्भरता है। कुलपति ने हरियाणा सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज राज्य में योग्यता के आधार पर पारदर्शी भर्ती प्रणाली लागू है, जहां बिना /"खर्ची-पर्ची/" के रोजगार मिल रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि यह समय मेहनत और बुद्धिमता के बल पर आगे बढ़ने का है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ.सीआर जिलोवा, आयुष विश्वविद्यालय से डॉ. पीसी मंगल, डॉ. सुरेंद्र सहरावत, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. राम भगत,कुरुक्षेत्र के विधि विभाग से महाबीर रंगा और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुभाष समेत अन्य मौजूद रहे।

### अंबेडकर जयंती पर बाइक रैली आज

**कुरुक्षेत्र।** वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा मिशन हरियाणा की ओर से बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल2025 को सुबह 10 बजे थर्ड गेट से ब डॉ भीमराव अम्बेडकर चौंक तक मोटरसाइकिल रैली निकलने के पश्चात बाबा साहेब को पुष्प अर्पित किए जाएंगे। मोटरसाइकिल रैली का नेतृत्व वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा मिशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष पारचा द्वारा किया जाएगा और मोटरसाइकिल रैली को प्रोफेसर बाल ऋषि कांगड़ा, कैप्टन राजपाल , सुबेदार सुरेश कुमार, अमन कुमार दुग्गल,रोबी राणा, राजेश कुमार पुहाल आदि द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

## मां भद्रकाली शक्तिपीठ में पंजाबी गायक अमर संधू ने किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के एकलौते मां भद्रकाली शक्तिपीठ कुरुक्षेत्र में पंजाबी गायक अमर संधू टीम सहित मां भद्रकाली जी का आशीर्वाद लेने पहुंचे। सर्वप्रथम टीम शक्तिपीठ द्वारा उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने पावन-पवित्र शक्ति स्थल श्री देवीकूप पर मां की विधिवत पूजा की व माथा टेका और अश्वों का जौड़ा पुष्पांजलि के साथ अर्पित किया। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने मां की लाल चुनरी व पुष्पमाला से उनका भव्य स्वागत-सत्कार किया। उन्होंने गायक अमर संधू को मां का प्रसाद व आशीर्वाद देकर उनके सेवा भावी यशस्वी जीवन की मंगल कामना की। उन्होंने पञ्चदीप आरती -वन्दन भी किया व मां को पन्च मेवे व केलों का भोग अर्पित किया। मां को लाल-चुनरी, लाल वस्त्र, सिंदूर व नारियल इत्यादि भेंट किया। पं. अनिल शर्मा द्वारा उनका श्रद्धापूर्वक पूजन कराया गया। गायक अमर संधू ने कहा कि वे काफी समय से शक्तिपीठ में दर्शन के इच्छुक थे और आज उन्हें यहां आकर आध्यात्म की शक्ति का अनुभव हुआ है। उन्होंने कहा कि मां भद्रकाली जी का आशीर्वाद मिलने का अवसर उन्हें प्राप्त हुआ है। मां के दर्शन कर उनके मन का भाव मां की भक्ति से जुड़ा गया। गुरु जी ने उन्हें मां का प्रशाद व स्मृति चिन्ह दिया। इस मौके पर एम.के. मौदगिल, जीवन मौदगिल, डॉ अनु पॉल, कार्यालय सेवादार राकेश सैनी, आशीष दीक्षित, स्काई 9 इवेंट्स के डायरेक्टर अरविन्द्र सिंह व राजिंद्र सिंह, अनिकेत, बलजिंदर सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

### लिटिल मिलेनियम स्कूल में मनाया बैसाखी पर्व



**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम स्कूल 7बी में वैसाखी पर्व बड़े हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल को रंग-बिरंगे फूलों, पोस्टर्स और पंजाबी संस्कृति की झलक दिखाते सजावट से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक पंजाबी गीतों और गिद्दा-भांगड़ा की शानदार प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में सजकर मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। टीचर्स सिमरन और भावना ने बच्चों को वैसाखी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया।

## 3 को पिहोवा पहुंचेगी भक्ति से शक्ति यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- भक्ति से शक्ति यात्रा को लेकर कश्यप धर्मशाला कुरुक्षेत्र में बैठक आयोजित



हिमाचल प्रदेश में स्थित ज्वाला माता मंदिर से 30 अप्रैल से भक्ति से शक्ति यात्रा शुरू होगी और 12 मई को मध्य प्रदेश में इस यात्रा का समापन होगा। भक्ति से शक्ति यात्रा को लेकर कुरुक्षेत्र के कश्यप राजपूत धर्मशाला में एक बैठक हुई। इस बैठक में यात्रा के संयोजक डॉ योगी अनूपनाथ ने समाज के लोगों के साथ बैठक की। इस बैठक में कश्यप समाज, बाल्मीकि, रविदास, ब्राह्मण, सैनी, यादव, प्रजापति, जोगी, जंगम, सुनार , रोड समाज, सैनी समाज के पदाधिकारी लोग शामिल हुए। और यात्रा की रूपरेखा को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया गया। भक्ति से शक्ति यात्रा के संयोजक डॉ योगी अनूप नाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि भक्ति से शक्ति यात्रा 30 अप्रैल से 12 मई तक निकल जाएगी। और इस यात्रा का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश में स्थित ज्वाला माता मंदिर से शुभारंभ होगा। और माता स्वयं ज्योति स्वरूप में इस यात्रा में रहेगी। और यह यात्रा देश के 7 राज्यों से गुजरेगी और इस दौरान कई हजारों की संख्या में लोग इस यात्रा में शामिल होंगे और यह यात्रा 3 मई को पिहोवा पहुंचेगी। डॉ योगी अनूप नाथ ने कहा कि शाश्वत हिन्दू का विश्वास है कि अब समय आ गया है, जब दुनिया भारत की ओर 'विश्वगुरु' की भूमिका निभाने के लिए देख रही है।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सुखधाम लाडवा ने किया नशा मुक्त भारत अभियान की प्रदर्शनी का आयोजन

**लाडवा।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माता बाला सुंदरी मंदिर में लग रहे 8 दिवसीय मेले में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सुखधाम लाडवा द्वारा मुख्य संचालिका




बीके ज्योति बहन व बीके गीता बहन के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत अभियान की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करके समाज को नशा मुक्त बनाना है। शुभारंभ लाडवा थाना प्रभारी सुनील वत्स ने रिबन काट कर किया। उन्होंने संस्था के प्रयासों की खूब प्रशंसा की और कहा कि वर्तमान समय की इस सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के लिए हम सबको एक होने की आवश्यकता है और वो खुद भी हफ्ते में कई गांव में जा जा कर लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करते है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्था इस प्रकार की प्रदर्शनी लगाकर समाज सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार पहले ही नशे की रोकथाम करने के लिए पहले ही प्रयत्नशील है।

## बैसाखी पर लगाया फ्री चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- जरूरतमंदों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना उद्देश्य : हिमांशु जैन



बैसाखी के पावन पर्व पर डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र एवं उदयन शालिनी फेलोशिप संस्था के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांव जोगना खेड़ा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। इस शिविर में हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार ने वायरल बुखार, खांसी, निमोनिया डेंगू बुखार जैसी बीमारियों के लक्षण, कारण, बचाव एवं उपचार पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया। उदयन संस्था की संचालिका डॉ. सुषमा शर्मा ने बैसाखी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे कृषि एवं सामाजिक समृद्धि का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के चिकित्सा शिविर समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं, जिससे जरूरतमंदों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस 1992वें निशुल्क कैंप में 116 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई।

### थायरॉयड की बीमारी पर आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में विशेष संगोष्ठी का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कॉलेज व अस्पताल में थायरॉयड से संबंधित रोगों के निदान, जांच प्रक्रियाएं और उपचार के विषय संगोष्ठी का



आयोजन किया गया। शुरूआत मुख्यातिथि आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एच.एस. गिल ने की। इस संगोष्ठी में कुल 160 लोगों ने पंजीकरण कराया और करीब 12 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने गॉइटर से संबंधित अपने शोध और अनुभव साझा किए। यह आयोजन अत्यंत सफल रहा और प्रतिभागियों ने इसे ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया। संगोष्ठी में चर्चा करते हुए विशेषज्ञों ने कहा कि गॉइटर एक ऐसी स्थिति है जिसमें गर्दन में सूजन आ जाती है। यह समस्या इस क्षेत्र में काफी आम है और खासकर महिलाओं में इसकी गंभीरता अधिक देखने को मिलती है। संगोष्ठी में थायरॉयड से संबंधित रोगों के निदान, जांच प्रक्रियाएं और उपचार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आदेश के एम.डी. डा. गुणतास सिंह गिल ने कहा कि इन सभी बीमारियों की आधुनिक जांच और उपचार की सुविधा अब आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उपलब्ध है। संगोष्ठी के दौरान आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ओर से दस दिनों के लिए थायरॉयड की संपूर्ण जांच और इलाज बहुत ही रियायती दरों पर उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई है।

*शाम को भंडारा और जागरण का किया आयोजन*

## मां महाकाली मंदिर में 8 मूर्तियों की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



सिलसला रोड़ स्काईट कॉलेज के नजदीक नवनिर्मित मां महाकाली मन्दिर में संस्थापक गुरु सुनील नाथ महाराज के सानिध्य में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मां महाकाली के साथ साथ 8 अन्य देवी देवताओं की मूर्तियों की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। मस्त फक्कड़ नाथ शिव शक्ति आश्रम ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष जितेन्द्र बंसल ने बताया कि जयपुर में मंगवाईं गई इन विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां की नगर परिक्रमा करवाई गई और फिर इनकी प्राण-प्रतिष्ठा हुई, शाम को विशाल भंडारा व जागरण हुआ। विशेष तौर से ददरेवा धाम राजस्थान से महन्त बालयोगी कृष्ण नाथ व मारकंडा डेरा शिव मन्दिर झांसा से योगी बाबा पाल नाथ पधारे। जागरण में महामाई का गुणगान राजफुल कुचरानियां, प्रियंका मालरा, मनोज वशिष्ठ व वृन्दावन से आए योगी राज ने किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव सुमित पाठक, कोषाध्यक्ष उमा (शिव दुलारी), सुमित मैहला, अश्विनी शर्मा, भक्त गौरव शर्मा, हठयोगी गोविंद नाथ, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

### यमुनानगर कार्यक्रम को बनाएंगे ऐतिहासिक

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि यमुनानगर के इतिहास के साथ नए अध्याय को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को पहुंच रहे हैं। इन ऐतिहासिक लमहों को ऐतिहासिक बनाने के लिए कुरुक्षेत्र के नागरिकों का भी अहम योगदान रहेगा। अहम पहलू यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 14 अप्रैल को दोपहर 12 बजे गांव कैल में होने वाले विकसित भारत विकसित हरियाणा कार्यक्रम में कुरूक्षेत्र से 10 हजार से ज्यादा नागरिक व कार्यकत्र्ता पहुंचेगें। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को हरियाणा की जनता को बड़ी सौगात देंगे। इस दिन प्रधानमंत्री यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट का शिलान्यास और हिसार में नए एयरपोर्ट का उद्घाटन व टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे।

## अब तक 68,847 एमटी गेहूं की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि कुरुक्षेत्र के खरीद केन्द्रों व मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य खाद्य आपूर्ति, हैफेड तथा हरियाणा वेयर हाउस एजेंसी द्वारा शुरू कर दिया गया है। इन तीनों एजेंसियों ने 68847 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का कार्य पूरा कर लिया है। पिछले वर्ष 12 अप्रैल तक खाद्य आपूर्ति और हैफेड द्वारा कुल 2400 एमटी गेहूं की खरीद की थी। इस प्रकार इस सीजन में एजेंसियों द्वारा तेजी के साथ खरीद का कार्य किया जा रहा है। एडीसी सोनू भट्टा ने कहा कि इस सीजन में गेहूं का 2425 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि कुरुक्षेत्र में गेहूं की खरीद करने के लिए 23 खरीद केन्द्र व मंडिया स्थापित की गई है। इन मंडियों से खाद्य आपूर्ति, हैफेड, एफसीआई और हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन की तरफ गेहूं की खरीद का कार्य किया जा रहा है। इस सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा बाबैन मंडी से 13325 एमटी, बोर सैंदा से 266 एमटी, गुमथला गढ़ू से 1589 एमटी, इस्माइलाबाद से 5900 एमटी, झांसा से 449 एमटी, कराह साहिब से 1241 एमटी, कुरुक्षेत्र से 6053 एमटी, लाडवा से 6190 एमटी, नीमवाला से 500 एमटी, पिहोवा से 8742 एमटी, पिपली से 3810 एमटी खरीद हुई।

## 23 खरीद केंद्रों व मंडियों में उपलब्ध है बारदाना : सुधा

- डीएफएससी ने 24440, हैफेड ने 20 हजार कट्टों के उठान कार्य को किया पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि गेहूं के सीजन में एजेंसियों के अनुमान के अनुसार लगभग 15 लाख गेहूं के कट्टों की आवक होगी। इस आवक की एवज में अब कुरुक्षेत्र के 23 खरीद केन्द्रों व मंडियों में सरकार की तरफ से 14 लाख 95 हजार 500 गेहूं के लिए बारदाना उपलब्ध करवा दिया गया है। अहम पहलू यह है कि इस सीजन में लिफ्टिंग का जिम्मा कुलविन्द्र सिंह व बिल्लू इंटरनैशनल ट्रांसपोर्ट व लेबर का एजेंसियों को सौंपा गया है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा रविवार को थानेसर अनाजमंडी में लिफ्टिंग और खरीद कार्य का जायजा लेने के लिए पहुंचे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने इंस्पेक्टर प्रवीण, एसोसिएशन से दयाल चंद, शैशी सैनी, राजीव गर्ग सहित अन्य व्यापारियों से बारदाना और खरीद कार्य को लेकर बातचीत की। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गेहूं की नमी और नापतोल का आंकलन भी किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र की सभी 23 मंडियों और खरीद केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध करवा दिया गया है। इस सीजन में डीएफएससी विभाग को 9 लाख 45 हजार 500 कट्टद्दों का बारदाना और हैफेड को 5 लाख 50 हजार कट्टों का बारदाना उपलब्ध करवाया गया है।

**कार्यक्रम** हर्षोल्लास से मनाया गुरुकुल कुरुक्षेत्र का 113वां स्थापना दिवस

# स्वामी श्रद्धानन्द ने कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर निर्माण किया, इसी परम्परा को राज्यपाल ने बढ़ाया आगे : प्रवीन

- गुरुकुल परिसर में विशेष हवन यज्ञ का किया आयोजन
- विद्यार्थी को सदैव अपने माता और पिता का सम्मान करना चाहिए : आचार्य दयाशंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




आर्य समाज के निर्भीक सन्यासी एवं प्रख्यात शिक्षाविद् स्वामी श्रद्धानन्द द्वारा 13 अप्रैल 1912 को बैसाखी के पावन अवसर पर गुरुकुल कुरुक्षेत्र की स्थापना की गई थी। गुरुकुल की स्थापना दिवस के अवसर पर आज गुरुकुल परिसर में विशेष हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें संस्कृत विभागाध्यक्ष आचार्य दयाशंकर ने मुख्य यजमान निदेशक बिग्रेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्रधान राजकुमार गर्ग, व्यवस्थापक रामनिवास, प्राचार्य सूबे प्रताप, जगदीश आर्य, शिवकुमार आर्य, एनआईट से वैज्ञानिक अधिकारी श्री योगवीर सिंह लांबा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के माध्यम से यज्ञ में आहुतियाँ अर्पित कर गुरुकुल परिवार एवं समस्त राष्ट्र के कल्याण की कामना की। यज्ञ के दौरान आचार्य दयाशंकर ने बताया कि विद्यार्थी को सदैव अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। श्रीराम ने अपने पिता के वचन के लिए ही 14 वर्षों का वनवास हँसकर स्वीकार कर लिया था। जिस विद्यार्थी का श्रेष्ठ संकल्प, श्रेष्ठ विचार, श्रेष्ठ लक्ष्य होता है। भजनोपदेशक जसविन्द्र आर्य ने स्वामी श्रद्धानन्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संस्थापक पर प्रकाश डालते हुए भजन सुनाए जिन पर श्रोताओं ने करतल ध्वनि कर उनका उत्साहवर्धन किया। निदेशक बिग्रेडियर डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द जी ने इस ज्ञानरूपी तरू का कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर निर्माण किया था। इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए आचार्य देवव्रत राज्यपाल गुजरात ने अपनी सच्ची लग्न, अथक मेहनत से आगे बढ़ाया। अल्पायु में ही उन्होंने इस गुरुकुल की जिम्मेदारियों को संभालने का अवसर मिला। तब उन्होंने स्वामी श्रद्धानन्द और स्वामी दयानन्द सरस्वती की विचारधाराओं के साथ इस गुरुकुल कुरुक्षेत्र को उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त किया।उनकी मेहनत और अथक प्रयास से ही आज गुरुकुल से प्रतिवर्ष सैंकड़ों छात्र एनडीए, आईआईटी, नीट जैसी जटिल परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर अपने माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन कर रहे हैं। आचार्यश्री के मार्गदर्शन में गुरुकुल कुरुक्षेत्र आर्य समाज के आदर्शों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जींद।** सफीदों रोड न्यू बाइपास पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार तीन व्यक्ति घायल हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खुंगा निवासी विनय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह निजी संस्थान से रात को डयूटी कर बाइक से घर जा रहा था।

### बीस ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव दाता सिंहवाला के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 20 ग्राम हेरोइन बरामद की है। गढ़ी थाना पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि गांव दाता सिंहवाला निवासी मनिंदर नशीले पदार्थों का कारोबार करता है। जो गांव हंसडैहर की तरफ नशा स्पलाई करने जाएगा।

### पंप हाउस से मोटर अन्य सामान चोरी

**जींद।** गांव उझाना से पंप हाउस से बीती रात चोरों ने बिजली मोटर, कॉपर वायर समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने हैल्पर की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव धमतान साहिब निवासी मनीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सिंचाई विभाग में हैल्पर के पद पर उझाना पंप हाउस पर डयूटीरत है। बीती रात चोरों ने बिजली मोटर, कॉपर वायर व अन्य सामान चोरी कर लिया।

### किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में 3 नामजद

**कैथल।** थाना गुहला पुलिस एक किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक महिला सहित तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में चीका थाना के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** डूमरखां खुर्द से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव डूमरखां खुर्द निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी।

### सुपर सक्कर मशीनों से होगी नालों की सफाई

# अंबाला शहर में लगी विकास कार्यों की झड़ी

- पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मेयर, डिप्टी मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर के साथ किए 8 करोड़ की योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर में विकास कार्यों की झड़ी लग गई है। इसी कड़ी में रविवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अंबाला शहर के विभिन्न वार्डों में करीब 8.50 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। असीम गोयल ने शहर के वार्ड 1,2,5,10,11,12,15 और 19 में अलग अलग विकास कार्यों के शिलान्यास व उद्घाटन किये।

इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने अंबाला शहर के रेलवे स्टेशन के नजदीक बने मीरा बाई चौक की नवनिर्मित प्रतिमा का भी मेयर,डिप्टी मेयर व सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि के साथ अनावरण किया। पूर्व मंत्री ने बताया कि अंबाला शहर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले


**अंबाला।** विकास योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

विकास कार्यों का आगाज़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। सरकार के पास न तो पैसे की कोई कमी है और न ही नियत की। ऐसे में अंबाला की जनता के साथ मिलकर शहर को नई ऊंचाई तक लेकर जाएंगे।

इसके साथ ही असीम गोयल ने यह भी जानकारी दी कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर और हिसार में लोगों के लिए बड़ी सौगात लेकर आ रहे हैं, जिससे क्षेत्र के विकास को और मजबूती मिलेगी। अंबाला की जनता भी पीएम के स्वागत के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही है।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान डिप्टी मेयर राजेश मेहता, सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा, निगम सदस्य मनीष आनंद, फकीर चंद, जसबीर सिंह, राकेश सिंगला, भाजपा नेता अमन सूद, दिनेश लदाना, गुरविंदर सिंह मानकपुर, गुरप्रीत सिंह, संजीव गोयल, आशीष टक्कर, अनिल गुप्ता, पूर्व सदस्य दर्शना मेहता व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### सुपर सक्कर मशीनों को दिखाई हरी झंडी

नालों व सीवरेज की सफाई अक्सर नगर निगम के लिए परेशानी का सबब बनती थी, लेकिन अब अंबाला शहर में नालों की सफाई पहले के मुकाबले और अधिक बेहतर तरीके व तकनीक से होगी। क्योंकि रविवार को पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने लगभग 2 करोड़ 45 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई सुपर सक्शन मशीनों को मेयर, डिप्टी मेयर व सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि के साथ हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। असीम गोयल ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था और नालों की सफाई में यह मशीनें बड़ी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि इन मशीनों के आने से अंबाला शहर की सफाई व्यवस्था और भी सुदृढ़ होगी।

## एजेंसियों ने 43796.3 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले मे 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 43796.3 मीट्रिक टन गेहूं को खरीद लिया है। इन मंडियों में अब तक 7850 किसान गेहूं लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंडियों में एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 5.5 प्रतिशत के साथ 2424 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मंडियों से गेहूं खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ उन्होंने किसानों को उनकी फसल की भुगतान राशि को निर्धारित समयावधि के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी एजेंसी उठान व भुगतान कार्य में लापरवाही बरतेगी उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 12 अप्रैल तक अंबाला छावनी से 2700 एमटी, अंबाला शहर से 7580 एमटी, नन्यौला मंडी से 815 एमटी, मुलाना मंडी से 5634 एमटी, साहा मंडी से 5880 एमटी, बराड़ा मंडी से 5580 एमटी गेहूं खरीदा जा चुका है। उन्होंने कहा कि केसरी मंडी से 447 एमटी, सरदेहड़ी मंडी से 630 एमटी, उगाला मंडी से 691 एमटी, तलहेड़ी मंडी से 3160 एमटी, शहजादपुर मंडी से 3136 एमटी, कड़ासन मंडी से 2170 एमटी, नारायणगढ़ मंडी से 3391.3 एमटी, बेरखेडी मंडी 1108 एमटी व भरेड़ीकलां से 874 एमटी धान की खरीद का कार्य पूरा किया गया हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग ने 3429 एमटी, फूड फार्मर ने 530 एमटी, हैफेड 34399 एमटी, हैफेड फार्मर ने 6155 एमटी, हरियाणा वेयर हाउस कॉरपोरेशन ने 5968.3 एमटी गेहूं की खरीद की है।

- 15 मंडियां से 2424 एमटी गेहूं का हुआ उठान


**राजौंद।** गांव बीर बांगड़ा में जल रही पराली का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

## बीर बागड़ा में पराली में लगी आग से लाखों का नुकसान

- आग बुझाने के लिए 6 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

आग बुझाने के लिए 6 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची मौके पर पुलिस ने किया निरीक्षण, रंजिशन के तहत लगाई गई आग। गांव बीर बांगड़ा निवासी संग्राम राणा ने बताया कि उसने पराली के दो बड़े-बड़े ढेर विभिन्न गांव से इकट्ठे किए हुए थे। जिसमें 20 लाख रुपये की पराली थी, उसने बताया की साजिशन के तहत रात 2:30 बजे किसी ने तेल छिड़कर पराली में आग लगाई है। जो की सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहे हैं। उसने बताया कि इसका खुलासा वह पुलिस थाने में करेगा। उसने बताया कि उसे शक है कि किसी ने जानबूझकर आग लगाई है। उसने बताया कि पराली में आग लगने से साथ खड़े खेतों में सैकड़ो एकड़ फसल भी जलकर राख हो सकती थी। लेकिन उसने फायर ब्रिगेड की 6 गाड़िया मौके पर खड़ी कर रखी ताकि आग गेहूं की फसल में न फैल जाएं। उसने बताया कि उन्होंने आग बुझाने की कोशिश नहीं की, क्योंकि आग बुझाने से बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था। वह सारी गेहूं की फसल में अगर आज चली जाती तो सैकड़ो एकड़ फसल राख में तब्दील हो जाती।

## बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में चला सफाई अभियान

- सफाई कर्मचारियों ने किया नमन
- बाबा साहेब की शिक्षाओं का अनुशरण करने का भी कर्मचारियों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में नगर पालिका द्वारा रविवार को शहर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगरपालिका सचिव मोहित सैनी के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा महान विचारक और संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर जी के आदर्शों का सम्मान करना था।

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर के प्रमुख स्थलों जैसे डॉ. भीम राव अम्बेडकर चौक, भगवान परशुराम चौक, बस स्टैंड, नेताजी सुभाष चौक, सिविल अस्पताल रोड़, नई अनाज मंडी के सामने, बरौली रोड, महाराजा अग्रसेन चौक, विश्वकर्मा चौक, लौटों चुंगी क्षेत्रों में साफ सफाई का कार्य किया गया। इस अभियान में नगरपालिका के अधिकारी व कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व स्वच्छता का संदेश दिया। सभी ने सफाई का संकल्प लिया और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया।

नगर पालिका सचिव मोहित सैनी ने सभी प्रतिभागियों का इस सराहनीय पहल में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया और स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में अपनाने को कहा। यह सामूहिक प्रयास न केवल डॉ. अंबेडकर के समता और स्वाभिमान के मूल्यों को सम्मानित करता है बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। सैनी ने कहा कि नगरपालिका सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी करें और शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने में सहयोग करें।



**नारायणगढ़।** सफाई अभियान के दौरान बाबा साहेब को नमन करते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### सरकपुर में मनाई गई बाबा साहेब जयंती

**मुलाना।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले की सयुक्त जयंती श्री गुरु रविदास नगर कीर्तन ब्लॉक बराडा के प्रधान मास्टर गुलशन कुमार की अध्यक्षता में बड़ी धूमधाम से सरकपुर गांव में मनाई गई। इस अवसर पर मास्टर गुलशन ने कहा कि महापुरुषों की जयंती को मनाने से हमे उनके जीवन से प्रेरणा मिलती है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक समिति चेयरमैन रवि शेर सिंह व मुलाना से समाजसेवी नरेंद्र बिलमा रहे। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहब के जीवन सघर्ष पर विचार रखे और समाज को उनके बताए रास्ते पर चलने के लिए कहा। इस कार्यक्रम में बच्चों ने सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष पर अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।


**मुलाना।** कार्यक्रम में मौजूद मुख्यअतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते आयोजक।



## कैनेडा का प्रतिष्ठित फ्राइड चिकन ब्रांड एमबी चिकन अब चंडीगढ़ में खुला

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

कैनेडा के प्रतिष्ठित फ्राइड चिकन ब्रांड एमबी चिकन के पहले रेस्टॉरेंट की शुरुआत रविवार को चंडीगढ़ की सेक्टर 35सी मार्किट में हुई। एमबी चिकन फ्रेश फ्राइड चिकन और अपनी स्पेशल तकनीक वाली किचन का डिलिशियस चिकन का स्वाद देने के लिए जाना जाता है।

रेस्टॉरेंट के उद्घाटन के लिए कैनेडा से आये एमबीआई ब्रांड्स के सीईओ ग्रेगरी रॉबर्ट्स और एमबी चिकन के प्रेजिडेंट कैमरन थॉमसन ने किया उद्घाटन करते हुए जानकारी दी कि एमबी चिकन की शुरुआत साल 1969 में हुई थी। करीब 55 साल से ज्यादा की लिगेसी के साथ 300 से ज़्यादा रेस्टोरेंट में हम अपने उपभोक्ताओं को फ्रेश फ्राइड चिकन का स्वाद दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि हम भारत में कई लोकेशन पर अपने रेस्टॉरेंट खोलने जा रहे हैं। गुड़गांव, दोराहा और जालंधर में भी जल्द ही हम अपने रेस्टॉरेंट शुरू करेंगे।। हमारा लक्ष्य सिर्फ एक है कि लोगों को फ्रोज़न नहीं बल्कि बिल्कुल फ्रेश फ़्राईड चिकन का स्वाद दे सकें। हमारा लक्ष्य सबसे बेहतर दाम में स्वादिष्ट खाना मुहैया करवाने है। सिर्फ स्वाद ही हैं बल्कि हमारा ध्यान चिकन की क्वालिटी पर भी है।। यही कारण है को हम उन लोगों से चिकन लेते हैं जो स्टैंडड्र्स पर खरे उतरते हैं और करीब 100 सालों से लोगों को चिकन मुहैया करवा रहे हैं।

'हमारी सबसे बड़ी खासियत है कि हम चिकन को फ्रिज नहीं करते बल्कि फ्रेश चिकन को मेरिनेट करके तुरंत अपने उपभोक्ताओं को मुहैया करवाते हैं।'

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एमबी चिकन के सीओ संजीव घटक, वीपी इंटरनेशनल एमबीआई ब्रांड्स डिल्लन पॉवेल, वीपी एमबी चिकन गौतम कामरा और जीएम मार्केटिंग अंकिता माने आदि लोग मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## राष्ट्र हित विरोधी बातों को लोकतांत्रिक व सकारात्मक ढंग से प्रस्तुत करें साहित्यकार और शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

साहित्यकारों व शिक्षकों का दायित्व है कि वह सत्ता प्रतिष्ठानों की राष्ट्र हित विरोधी बातों को लोकतांत्रिक व सकारात्मक ढंग से प्रस्तुत करें। अगर बुद्धिजीवी भी व्यवस्था का दास हो जाएगा तो राष्ट्र की अस्मिता व अखंडता खतरे में पड़ सकती है। यह विचार अंग्रेजी के प्रख्यात उपन्यासकार कवि व शिक्षाविद् प्रोफेसर विकास शर्मा ने कहे।

प्रो विकास प्रख्यात कवि कुमार विश्वास के बड़े भाई हैं। वे अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में एक कार्यक्रम में भाग लेने आए थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रो. विकास इस बात से व्यथित दिखे कि इतने बड़े लोकतांत्रिक देश में विपक्ष मृतप्राय व कमजोर है। उन्होंने कहा कि सरकारों की राष्ट्र हित की योजनाओं की सराहना करना ठीक है लेकिन राजनेताओं की हर गलत बात को महाभारत के भीष्म पितामह है व द्रोणाचार्य की तरह मौन होकर देखना स्वस्थ लोकतंत्र के लिए खतरा है। प्रो. विकास ने अब तक विभिन्न मुद्दों पर 12 से अधिक अंग्रेजी उपन्यास लिखे हैं।



उनके उपन्यासों पर 50 से अधिक शोधार्थी पीएचडी का शोध कर रहे हैं। जातिगत जनगणना पर बात करते हुए प्रो. विकास ने कहा कि ऐसा होने से सामाजिक समरसता व सद्भावना को खतरा पैदा होगा तथा आपसी भाईचारा दांव पर लग जाएगा। फूट डालो वह राज करो की राजनीति को देश के लिए संकट बताते हुए प्रोफेसर विकास ने कहा कि देश में कोई भी राजनेता ऐसा नहीं है कि जिसे युवा पीढ़ी आदर्श मानकर कुछ सीख सकें। राजनेता मेज थपथपा कर खुद की सैलरी दोगुना कर लेते हैं लेकिन कर्मचारियों से उनका पुरानी पेंशन तक का हक छीन लेते हैं। विश्वविद्यालय में व्यापक भ्रष्टाचार पर भी प्रो. विकास खुलकर बोले। उन्होंने कहा कि कुलपतियों की नियुक्तियां जिस तरह अधिकतर राज्यों में हो रही हैं वह अकादमिक स्वायत्तता व सुचिता के लिए ठीक नहीं है।

प्रो. विकास ने दहेज के झूठे मामलों में पुरुषों को फंसाने की प्रवृत्ति पर चिंता प्रकट करते हुए अपने उपन्यास 498 ए ' फेयर्स एंड ड्रीम्स' का उल्लेख किया। उन्होंने अपने नवीनतम उपन्यास ' हन्नी ट्रैप' विषय में बताते हुए कहा कि आजकल यह एक ज्वलंत मुद्दा है। उन्होंने रूस यूक्रेन वार पर अपने उपन्यास 'लव एंड इगो' में दो अंतरराष्ट्रीय नेताओं के अहंकार के कारण होने वाले युद्ध की विभीषिका पर भी चिंता प्रकट की है। प्रो. विकास ने वन नेशन वन इलेक्शन मुद्दे की सराहना करते हुए कहा कि इससे राजकोष पर भर कम होगा।

### धूमधाम से मनाया खालसा साजना दिवस

**अंबाला।** गुरु ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र सेवा समिति गांव बहबलपुर में समिति से शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों द्वारा खालसा साजना दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। साहिबजीत सिंह और बच्चों की ओर से गुरबाणी व सतसंग किया गया। इस अवसर पर हरप्रीत सिंह कथावाचक बुडा दल नीसाना वालों ने बच्चों को बैसाखी और खालसा साजना दिवस की बहुत बधाई दी। उन्होंने कहा- पीवो पहुल खंडे धार होए जन्म सोहेला, वाह वाह गोबिंद सिंह आपे गुर चेला।।

### सभी गुरुद्वारों में मत्था टेकने के लिए उमड़ी भीड़

# हर्षोल्लास से मनाया गया बैशाखी पर्व

- गुरु गोबिंद सिंह ने इसी दिन आनंदपुर साहिब में देश एवं धर्म की बाहरी लुटेरों से रक्षा की खातिर रखी थी खालसा पंथ की नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

क्षेत्र में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बैसाखी पर्व पर रविवार को शहर के सभी गुरुद्वारों में बड़ी श्रद्धा एवं उल्लास से कार्यक्रम आयोजित किए गए। अलसुबह ही संगतों ने गुरुद्वारों में पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेक कर अपनी-अपनी हाजिरी लगवाई।

वार्ड नंबर 15 सिंहपुरा में स्थित गुरुद्वारा श्री दशमेश साहिब में रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत हैड ग्रंथी जसविंदर सिंह ने संगतों को बैसाखी पर्व के बारे में बताते हुए कहा कि सन 1699 में 10वें गुरु गोविंद सिंह ने इसी दिन आनंदपुर साहिब में देश एवं धर्म की बाहरी लुटेरों से रक्षा की खातिर एवं जाति-पाति का भेदभाव मिटाने की खातिर खालसा पंथ की नींव रखी थी। सन 1699 ई. में बैसाखी के दिन श्री आनंदपुर साहब में केशगढ़ साहिब के स्थान पर श्री गुरु गोविंद सिंह ने एक ऐसा इंकलाबी काम किया जिसकी मिसाल दुनिया भर में कहीं भी नहीं मिलती।

उन्होंने कहा कि देश को बाहरी लुटेरों से भी भयानक रूप में चिपकी छुआछात, जात-पात के भेदभाव की कुरीति को एक तरफ रखते हुए गुरु जी ने सारी दुनिया की जात एक इंसानियत बताते हुए खालसा पंथ की नींव रखी।

खालसा दिवस की खुशी में शहर के सभी गुरुद्वारों में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के रखे गए अखंड पाठों का भोग डाला गया। कीर्तन दरबार सजाए गए। गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब तथा आस-पास के गावों में स्थित गुरुद्वारों में विभिन्न रागी जत्थों ने निरोल गुरबाणी का शब्द कीर्तन का गायन किया। गुरुद्वारा श्री दशमेश साहिब के सचिव ज्ञानी गुरबक्श सिंह ने भी इस अवसर पर संगतों को बैसाखी पर्व के महत्व के बारे में प्रेरित किया तथा गुरु गोविंद सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत प्रसाद बांटा गया।



**बराड़ा।** कीर्तन करते हुए रागी जत्था व उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि


**नारायणगढ़।** गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेकते नंबरदार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## लोगों की सुख समृद्धि के लिए बैशाखी पर्व पर गुरुद्वारा साहिब में हुई अरदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

खालसा पंथ के स्थापना दिवस एवं बैसाखी के पर्व पर नंबरदार सुरेश पाल ने गुरुद्वारा टोका साहब में जाकर माथा टेका और सभी लोगों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्हें पटका पहना कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बैसाखी के पावन पर्व और खालसा पंथ के स्थापना दिवस की वे सभी को वे बधाई एवं शुभकामनाएं देते है। उन्होंने गुरबाणी का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि बैसाखी सिर्फ फसल कटाई का त्योहार नहीं, बल्कि सिख पंथ की स्थापना का भी प्रतीक है। 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की नींव रखकर सेवा, समर्पण और साहस का संदेश दिया था।